हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 12 जुलाई, 2025

11 बीएड कॉलेज में मनाया गया वन महोत्सव, पौधे वितरित...



12 कपास किसान खेत पाठशाला का शुभारंभ 14 सप्ताह कृषि...



## खबर संक्षेप

### किलोग्राम चूरापोस्त सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** स्थानीय पुलिस ने 19 किलोग्राम चूरापोस्त सहित दो नशा तस्करों को सिरसा जिला के रानियां क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान बलविंद्र सिंह व पिंद्रपाल उर्फ पिंद्र निवासी रानियां के रूप में हुई। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना में अभियोग दर्ज किया गया है।

### युवक 15.61 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने एक युवक को 15.61 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम चेकिंग के दौरान रानियां में सुल्तानपुरिया रोड पर जा रही थी। जब टीम सुल्तानपुरिया मोड़ के पास पहुंची, तो एक युवक सामने से आता दिखाई दिया जो पुलिस गाड़ी को देखकर घबरा गया और भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 15.61 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह के रुप में हुई है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**सिरसा।** सिरसा-भादरा मार्ग पर गांव नेजियां खेड़ा के समीप हुए कार-बाइक की टक्कर से हुए सडक़ हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में पहुंचाया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 12 जुलाई को सिरसा व उपमंडल ऐलनाबाद एवं डबवाली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों आदि के उच्च अधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया जाता है।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने गश्त के दौरान चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान देवेंद्र सिंह उर्फ गग्गी निवासी मलवाला थाना संगत मंडी जिला बठिंडा पंजाब के रूप में हुई है। शहर थाना डबवाली प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि अशोक कुमार पुत्र हाकम राय निवासी वार्ड नंबर 8 मंडी डबवाली की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी का केस दर्ज किया था।

### मारपीट के मामले में आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** गांव बड़ोपल में हुए लड़ाई झगड़े के मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोहिल उर्फ बच्ची पुत्र सेठी सिंह निवासी असरावा, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि जयप्रकाश पुत्र रामकुमार निवासी बड़ोपल की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 14 मई की रात लगभग 11:15 बजे, कुछ व्यक्ति लोहे की रॉड, डंडों और पत्थरों से लैस होकर शिकायतकर्ता के भाई विष्णु की ढाणी में जबरन घुस आए और परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। इस हमले में शिकायतकर्ता की मां मेना, भाई विष्णु, भाभी बिमला, पत्नी रेनू और स्वयं जयप्रकाश घायल हो गए।

### देर रात हुई बरसात से शहर के मुख्य बाजार, कालोनियां हुई जलमग्न

# 32 एमएम बरसात, दो घंटों में निकल गया पानी विभाग ने निकासी के लिए लगा रखे हैं 25 पम्प सैट

### धान उत्पादक किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** देर रात हुई बरसात के बाद शुक्रवार को मौसम हुआ सुहावना।

लंबे इंतजार के बाद वीरवार रात को मानसून की दूसरी बरसात ने शहरवासियों को राहत प्रदान की। करीब एक घंटे तक झमाझम हुई बारिश से शहर की सडक़ें, मुख्य बाजार व कालोनियां बरसाती पानी में डूब गई। शहर के मुख्य बाजार जवाहर चौक व नेशनल हाइवे पर जलभराव हो गया लेकिन 2 घंटे में पानी की निकासी हो गई। राजस्व विभाग के अनुसार एक घंटे में करीब 32 एमएम बरसात हुई है। सीजन की दूसरी बरसात से किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई। किसान खेतों में धान की फसल में पानी भरता देख प्रसन्नचित दिखाई दिए। बरसात ने पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी झेल रहे लोगों को राहत देने का काम किया है। शुक्रवार सुबह फिर उमस का वातावरण रहा। यहां का अधिकतम तापमान 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया।

फतेहाबाद में वीरवार देर रात को मौसम ने अचानक से करवट ली। इससे क्षेत्र में जमकर बदरा बरसे। पिछले कई दिनों से पड़ रहीं प्रचंड गर्मी से बेहाल लोग बेसब्री से बरसात का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में वीरवार रात को क्षेत्र में हुई बारिश ने जहां आमजन को भीषण गर्मी से खासी राहत पहुंचाई हैं। वीरवार सुबह से बादल छाये हुए थे और रात को एकाएक मौसम ने करवट ली और करीब 10 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक चली बरसात ने पूरे शहर को जलमग्न कर दिया और उसके बाद मौसम सुहाना हो गया।

#### धान के लिए संजीवनी साबित हुई बरसात

यह बारिश धान उत्पादक किसानों के लिए संजीवनी साबित हुई है। बरसात होने से अन्नदाताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। इससे किसानों की खुशी स्वभाविक भी है, क्योंकि धान की फसल को पानी की अधिक आवश्यकता होती है। किसानों का कहना है कि धान की फसल के लिए इन दिनों में बारिश होने की भी अत्यंत जरूरत होती है। इस बारिश से धान की फसल को फायदा पहुंचा है। अभी तक वर्षा के अभाव में किसानों को इन दिनों अपनी धान की फसल के लिए पानी की समस्या हो रही थी। ऐसे में इस बारिश से किसानों को काफी लाभ हुआ है। इस बरसात से किसानों की खेतों में अन्य फसलों को भी फायदा पहुंचेगा। किसान कुलदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, विजेंद्र, नछतर, सतबीर आदि की मानें तो इन दिनों उन्हें खेतों में अपेक्षाकृत कम बिजली मिल पा रही थी। ऐसे में इस बारिश से धान उत्पादक किसानों को सिंचाई से फिलहाल मुक्ति मिली है।

#### मानसून की दूसरी बरसात से जलमग्न हुई सड़कें

मानसून की दूसरी बारिश से ही शहर की सडक़ें जलमग्न हो गई। यहां तक कि शहर के निचले इलाकों में रह रहे लोगो के घरों में बरसाती पानी घुसने से जलभराव हो गया। बरसात के कारण शहर के जवाहर चौक, थाना रोड, धर्मशाला रोड, बाल भवन के बाहर, नेशनल हाइवे, भट्टू रोड, बीघड़ रोड, सिरसा रोड, सरकारी अस्पताल के बाहर, तुलसीदास चौक, ग्रीन पार्क सहित अनेक कालोनियों में कई-कई फुट तक पानी भर गया। कई जगह बरसात का पानी घरों में में भी जा घुसा। हालांकि रात का समय होने के कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा और कुछ ही घंटों में पानी की निकासी हो गई।

#### प्रोजेक्ट से घंटों में ही निकला पानी

बरसात शुरू होते ही जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा तुलसीदास चौक पर लगाई गई मोटरों को चालू कर दिया गया। यहां से बड़ी मोटरों द्वारा पानी को अंडरग्राऊंड डाली गई पाइपों के माध्यम से चिल्ली क्षेत्र में बनाए गए एसटीपी में डाला गया। जहां से यह पानी 13 किलोमीटर दूर पाइप लाइन से रंगोई में निकाला गया। जिस कारण कुछ ही घंटों में सडक़ों से पानी पूरी तरह निकल गया। इससे पूर्व यहां 32 एमएम बरसात होने पर दो दिन तक पानी खड़ा रहता था। बता दें कि इससे पूर्व तुलसीदास चौक पर जनस्वास्थ्य विभाग ने पानी निकासी को लेकर एक बड़ा प्रोजेक्ट लगा रखा है। यहां बड़ी मोटरें लगाई गई हैं। यह मोटरें बरसाती पानी को खींचकर अंडरग्राऊंड पाइप के माध्यम से चिल्ली स्थित एसटीएम में डालती है। रात को काफी तेज बारिश थी। शहर के पानी निकासी के लिए विभाग ने पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। बरसात रूकने के 4 घंटे के भीतर कहीं भी जलभराव नहीं था। रात को 32 एमएम बरसात हुई। फतेहाबाद में 51.60 क्यूसिक पानी निकासी की क्षमता है। इसके अलावा जनस्वास्थ्य विभाग ने फतेहाबाद में 25 और भूना में 6 पम्प सैट लगा रखे हैं। बरसात होने ही सभी पम्प सैटों को चालू कर दिया गया था और पानी निकासी की गई।
-सतपाल रोज, एसडीओ पब्लिक हेल्थ फतेहाबाद

#### क्या कहते हैं कृषि अधिकारी

कृषि उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग का कहना है कि इस बरसात से धान की फसल को फायदा हुआ है। इन दिनों जितनी बरसात हो, किसानों के लिए उतनी ज्यादा लाभदायक हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी जगह धान फसल में पत्ता लपेट जैसी बीमारी का कोई प्रकोप भी हैं तो इस बारिश से वह भी दूर हो जाएगा। इस बरसात की धान की फसल को अधिक आवश्यकता थी जोकि राहत की बात है।

## शराब सहित सीआईए ने एक युवक को दबोचा

- जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में शराब सहित पकड़ा गया युवक। *फोटो: हरिभूमि*

जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने फतेहाबाद क्षेत्र से एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान माखन सिंह पुत्र जुगराज सिंह निवासी वार्ड नंबर 5, अशोक नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 480 बोतल नाजायज शराब और एक कार बरामद की गई है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक यादविंदर सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही दिनेश कुमार के नेतृत्व में सीआईए टीम अपराधियों की धरपकड़ हेतु गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम को धागड़ क्षेत्र की ओर से आती एक संदिग्ध कार दिखाई दी, जो पुलिस को देखकर तेजी से मुडऩे का प्रयास करने लगी। हालांकि, सडक़ पर ट्रैफिक अधिक होने के कारण वह तुरंत मुड़ नहीं सकी। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार को रोका, चालक से पूछताछ की और वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से 480 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही काबू कर उसके खिलाफ थाना सदर फतेहाबाद में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

## पुलिस ने 2 घंटे में चोरी का आरोपी पकड़ा

- टोहाना में चोर ने सुंदर नगर स्थित एक घर में की वारदात पुलिस ने सामान बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

टोहाना में चोर ने सुंदर नगर स्थित एक घर में घुसकर वहां से हजारों का सामान व नकदी चोरी कर ली। इस मामले में सूचना मिलते ही टोहाना पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी की वारदात को महज 2 घंटे में सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई नकदी और अन्य कीमती सामान भी बरामद कर लिया गया है।

थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि 10 जुलाई को सुंदर नगर, टोहाना



**टोहाना।** पुलिस गिरफ्त में घर में चोरी के आरोप में पकड़ा गया युवक।

निवासी प्रदीप कुमार पुत्र सतपाल के घर से नकदी व अन्य सामान की चोरी की सूचना थाना टोहाना को प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही एचसी मनदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके का निरीक्षण किया तथा आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन किया। वैज्ञानिक तरीकों और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने महज 2 घंटे में आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सन्नी पुत्र बिट्टू निवासी रतिया रोड, तिलक नगर, टोहाना के रूप में हुई है, जो पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रह चुका है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5 हजार रुपये नकद एवं अन्य सामान बरामद किया है।

## सैर पर निकले बुजुर्ग से सोने की अंगूठी छीनकर भागे एक्टिवा सवार दो बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

अनाज मण्डी के पीछे स्थित एसबीआई रोड पर सुबह सैर पर निकले एक बुजुर्ग से एक्टिवा पर आए दो युवकों द्वारा सोने की अंगूठी छीनकर फरार होने का मामला सामने आया है। युवकों ने सैर पर निकले एक बुजुर्ग को पता पूछने के बहाने रोका और उससे करीब 10 ग्राम सोने की अंगूठी छीनकर फरार हो गए। बुजुर्ग ने शोर मचाते हुए युवकों का पीछा भी किया लेकिन दोनों युवक मौके से भाग निकले। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और बुजुर्ग से मामले की जानकारी लेकर दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बतरा



**फतेहाबाद।** सीसीटीवी में कैद दोनों युवकों की फोटो। *फोटो: हरिभूमि*

कॉलोनी निवासी 75 वर्षीय लीलाधर गर्ग शुक्रवार सुबह एसबीआई रोड पर सैर के लिए निकले थे। इसी दौरान एक्टिवा पर सवार होकर दो युवक आए। उन्होंने आते ही बुजुर्ग को पता पूछने के बहाने रोक लिया। मौका पाते हुए एक्टिवा पर पीछे बैठे युवक ने बुजुर्ग की अंगुली से सोने की अंगूठी निकाल ली और मौके से भाग लिए। बुजुर्ग ने पहले मामले की जानकारी परिजनों को दी और बाद में पुलिस को सूचित किया गया। बुजुर्ग के परिवार का सैनेटरी का काम है। बुजुर्ग खुद अनाज मंडी में आढ़त की दुकान चलाते हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिटी थाना पुलिस ने युवकों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। आरोपी युवक सीसीटीवी फुटेज में नजर आए हैं। फुटेज में एक्टिवा चला रहे युवक ने जहां हेलमेट पहना हुआ है वहीं उसके पीछे बैठे युवक ने कपड़े से अपना मुंह ढक रखा है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस इनकी तलाश में जुट गई है।

## सर्विस रूल्स जारी न करने के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



**सिरसा।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी की बैठक में उपस्थित कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की जिला कार्यसमिति की बैठक चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी में जिला अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान संघ ने हरियाणा सरकार द्वारा एसओपी जारी न करने के विरोध में सरकार और निगम मैनेजमेंट के खिलाफ नारेबाजी की।

जिला सचिव चरणजीत वर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने कौशल कर्मचारी, जिनको पांच साल से ऊपर हो गए उनके लिए सुरक्षित रोजग़ार की घोषणा पिछले साल 15 अगस्त को की थी, लेकिन लगभग एक साल होने के बाद भी यह विभाग में लागू नहीं हो पाया और विभाग के अधिकारियों ने अभी तक जिन कर्मचारियों को इस एक्ट का लाभ मिलना है इसकी कोई सूची जारी नहीं की है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अभी तक एसओपी भी जारी नहीं की गई, जिसके कारण कर्मचारियों में भारी रोष है। इसलिए संगठन ने फैसला लिया है कि अगर सरकार आगामी 18 जुलाई से पहले पहले एसओपी जारी नहीं करती तो आगामी 21 जुलाई को एमडी डीएचबीवीएन हिसार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार वादाखिलाफी कर रही है, जिसको अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र भोभिया ने सभी कौशल निगम के कर्मचारियों को एक सूत्र में बंधकर अपने हक की आवाज सरकार के खिलाफ उठाने की अपील की।

इस अवसर पर हवा सिंह गिल, नरेश जांगड़ा, संदीप सुथार, सरजीत बैनीवाल, जसवंत सिंह, रविंद्र नाथ, बलजीत सिंह, सुखविंद्र गोदारा, जय सिंह नैन, सुनील सोनी, मंगलदीप जोशी के साथ-साथ अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक ने खाद के विभिन्न थोक व खुदरा विक्रेता फर्मों का किया निरीक्षण

# टोहाना में खाद विक्रेता के स्टाक में पाई अनियमितता शोकॉज नोटिस जारी कर लाइसेंस किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक (भूमि संरक्षण) ओम प्रकाश गोदारा व कृषि उप निदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने खाद निरीक्षकों को साथ लेकर संयुक्त रूप से जिला के टोहाना, रतिया व फतेहाबाद खंड के खाद के विभिन्न थोक व खुदरा विक्रेता फर्मों का निरीक्षण किया गया व रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। निरीक्षण दौरान टोहाना में रेलवे रोड स्थित फर्म मैसर्ज राज कुमार विपिन कुमार का भी रिकॉर्ड जांचा गया जिसमें खाद के स्टॉक में भिन्नता पाई गई। जिस कारण फर्म को शोकाज नोटिस जारी करके उसका खाद बिक्री लाइसेंस 15 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान अन्य खाद विक्रेताओं का रिकॉर्ड सही पाया गया। इसके अतिरिक्त संयुक्त निदेशक (भूमि संरक्षण) ने जिला के सभी कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद विक्रेताओं के रिकॉर्ड का समय-समय पर अवलोकन करें ताकि खाद का वितरण, उपलब्धता अनुसार सही ढंग से हो सके।



**फतेहाबाद।** खाद के विक्रेता फर्मों का निरीक्षण करते कृषि विभाग के अधिकारी।

#### खरीफ फसलों की हो रही बिजाई

जिले में खरीफ फसलों की बिजाई की कार्य चल रहा है। ऐसे में किसानों को खाद की आवश्यकत होती है। जिला में 9070 एमटी डीएपी, 63545 एमटी यूरिया, 2404 एमटी एमओपी, 4113 एमटी एनकेपी व 8101 एमटी एसएसपी खाद अब तक प्राप्त हो चुकी है व किसानों को उनकी मांग अनुसार उपलब्ध करवाई जा रही है। जिला में खाद की कोई कमी नहीं हैं। किसानों को जागरूक किया जा रहा है कि वे डीएपी खाद के विकल्प के तौर पर एनकेपी व टीएसपी/एसएसपी का प्रयोग भी कर सकते हैं। जिला में पिछली साल खरीफ 2024 की तुलना में इस साल खरीफ फसलों की अभी तक लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र में बिजाई का कार्य पूर्ण हो चुका है।

### प्रदेश में खाद की किल्लत कालाबाजारी चरम पर

**सिरसा।** युवा इनेलो नेता रवि कंबोज ने एक कहा कि किसान हितैषी कहलाने वाली सरकार के राज में हरियाणा में खाद की किल्लत व कालाबाजारी जोरों पर है, इसके बाद भी सरकार का यह कहना है कि खाद की कोई किल्लत नहीं है, ये भाजपा सरकार की नाकामी को उजागर करती है। रवि कंबोज ने जारी बयान में कहा कि यूरिया और डीएपी खाद के साथ किसानों को गैर जरूरी सामान जबरन दिलवाया जा रहा है, जोकि किसानों के साथ सीधे तौर पर धक्केशाही के साथ-साथ लूट है। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद की कालाबाजारी बीजेपी सरकार के संरक्षण में हो रही है और किसानों को लाइन में लगकर भी खाद नहीं मिल रही। आधार कार्ड पर सीमित बैग दिए जा रहे हैं, जबकि बारिश के बाद खाद की डिमांड ज्यादा है। उन्होंने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में दिन-रात का अंतर है। कंबोज ने कहा कि सरकार अगर वाकई किसान हितैषी होती तो किसानों को इस कदर लाइनों में लगने की जरूरत न पड़ती। उन्हें घर द्वार पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाई जाती। खाद के साथ किसानों को अन्य सामग्री जबरन नहीं दी जाती। उन्होंने सरकार से मांग की कि खाद की उपलब्धता तत्काल बढ़ाई जाए।

दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।

दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।

# फ्री ट्रेनिंग चाहिए तो स्किल इंडिया मिशन से जुड़े



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

जो भी उम्मीदवार स्किल इंडिया मिशन 2024 के तहत फ्री स्किल ट्रेनिंग लेना चाहते है और मनपसंद नौकरी लेना चाहते है तो आज हम आपके लिए इस संबंध में पूरी जानकारी लाए हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग पाकर आप भी अपना कैरियर बना सकते हैं। कुछ लोगों को काम करने की इच्छा तो होती है पर उन्हें इस बारे में ज्ञान नहीं होता. आर्थिक स्थिति या अन्य किसी कारण वें अपने लिए मनचाहा रोजगार नहीं खोज पाते। ऐसे में भारत सरकार द्वारा एक बड़ा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसका लाभ उठा कर आप अपने लिए नौकरी ढूंढ सकते है।

## पाएं प्रशिक्षण

अगर आप बेरोजगार हैं और अपने लिए रोजगार खोज रहे हैं तो आपको भी इसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। स्किल इंडिया मिशन के तहत आप ट्रेनिंग प्राप्त करके अपने लिए रोजगार के ऑप्शन उत्पन्न कर सकते हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग लेने के बाद आपको एक सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा जिसके जरिए आपको आसानी से नौकरी मिल जाएगी। आज के वक्त में नौकरी बहुत जरूरी है ऐसे में आप इस मिशन के तहत प्रशिक्षण पाकर अपने लिए नौकरी ले सकते हैं। सरकार का लक्ष्य भी इस योजना के जरूये युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल और समृद्ध बनाना है।

### यह बेरोजगारी हटाने का कदम

इस योजना की शुरुआत भारत सरकार द्वारा बेरोजगारी युवाओं के लिए की गई है। इस स्कीम के अंतर्गत युवाओं को फ्री में ट्रेनिंग दी जाएगी यानी कि उन्हें कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। यानि की पूरी ट्रेनिंग फ्री में होगी। इसके लिए आपको एक भी रूपया नहीं देना है। बेरोजगारी मिटाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम साबित होगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई है जिनके अनुसार अगर आप योग्यता रखते हैं तो फ्री में ट्रेनिंग ले सकते हैं। आपको बता दे कि इस योजना के तहत ट्रेनिंग पाने के लिए आप 10वीं या 12वीं पास होने चाहिए और भारत के स्थाई निवासी होने चाहिए।

## ये करना होगा काम



इस योजना का लाभ उठाने के लिए आपको ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होता है। हम हमारे इस आर्टिकल में आपको पूरी जानकारी देंगे कि कौन इस योजना के लिए योग्य है, और आप किस प्रकार आवेदन कर सकते हैं, आवेदन के लिए किन-किन कागजातों की जरूरत होगी इत्यादि। सरकार का लक्ष्य है कि सभी युवाओं का कौशल विकास हो सके ऐसे में सभी युवा और विद्यार्थी इस योजना के तहत ट्रेनिंग पा सकते हैं।

## कई तरह के पाठ्यक्रमों की दी जाती ट्रेनिंग

### नौकरी के अवसर

इस मिशन के तहत उम्मीदवारों को अलग-अलग कोर्सेज के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि वह किसी भी क्षेत्र में अपने लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सके। आपको बता दे कि भारत सरकार के इस योजना के तहत उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, हार्डवेयर, फ़ूड प्रोसेसिंग, कंस्ट्रक्शन, फिटिंग, हडीक्राफ्ट, गेम्स और ज्वेलरी, लेदर टेक्नोलॉजी और 40 अन्य टकेनिकल कोर्सेज की ट्रेनिंग दी जाएगी. इन कोर्सेज की ट्रेनिंग लेने के बाद उनके लिए नौकरी खोजना आसान हो जाएगा।

### जरूरी कागजात

- आधार कार्ड
- वोटर कार्ड,
- पैन कार्ड
- बैंक खाता पासबुक
- मोबाइल नंबर
- पासपोर्ट साइज फोटो

### ट्रेनिंग के लिए योग्यता

- आवेदक भारत का स्थाई निवासी होना चाहिए।
- उम्मीदवार बेरोजगार होना चाहिए। यानी वह कोई भी काम ना करता हो।
- आवेदक को हिंदी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

### पंजीकरण की प्रोसेस

इस योजना में अप्लाई करने के लिए आपको रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा जिसकी पूरी जानकारी यहां दी गई है। यहां आप फॉर्म भरने की सरल प्रकिया को समझ सकते है और आवेदन कर सकते है। इस मिशन के तहत आवेदन करने के बाद फ्री में प्रशिक्षण ले पाएंगे।

### ये रहेगी आवेदन प्रकिया

- अधिकारीक वेबसाइट पर जाएं। यहां आने के बाद इसके होम पेज पर आपको साइड बार › क्विक लिंक का विकल्प दिखाई देगा।
- रजिस्ट्रेशन के विकल्प को सेलेक्ट करना होगा।
- इसके बाद आवेदन फार्म में आपको मांगे जाने वाली सारी जानकारी को सावधानीपूर्वक भरनी होगी।
- इसके बाद आपको सभी जरूरी दस्तावेजों को इसके साथ अटैच करना होगा।
- लास्ट में सबमिट के बटन को क्लिक करना होगा।

## अब समाज में तेजी से बढ़ रही सामाजिक समस्याएं

# सोशल सेक्टर में बनाएं करियर जॉब के साथ मिलेगी अच्छी सैलरी

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

### इस क्षेत्र में समाज सेवा के साथ अच्छी कमाई

देश में जिस तरह से जनसंख्या बढ़ रही है, उसी तरह सामाजिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं और उन्हें दूर करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस वजह से सोशल वर्क का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है और साथ में ट्रेंड लोगों की डिमांड भी। जिसके कारण अब युवाओं को इस क्षेत्र में भी अच्दा करियर बनाने का मौका मिल रहा है। जो भी समाज सेवा के साथ अच्छा पैसा कमाना चाहता है, उनके लिए इस सेक्टर में करियर बनाना सबसे फायदेमंद हैं।



### कैसे करें एंट्री

इस सेक्टर में काम करने के लिए किसी खास डिग्री की जरूरत नहीं होती है, लेकिन सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए होम साइंस, साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी या सोशल साइंस में ग्रेजुएशन के बाद सोशल वेलफेयर, सोशल साइंस में मास्टर्स करना अच्छा रहेगा। भारत में कई इंस्टीट्यूट्स, यूनिवर्सिटीज में इससे संबंधित कोर्स संचालित किए जाते हैं। जहां एंट्रेंस टेस्ट और इंटरव्यू के आधार पर दाखिला मिलता है।



इसके अलावाए एनजीओ मैनेजमेंट का कोर्स भी कर सकते हैं। देश में कई इंस्टीट्यूट्स और यूनिवर्सिटी में एनजीओ मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स शुरू हो चुके हैं। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज मुंबई, दिल्ली यूनिवर्सिटी, राजस्थान यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय, सोशल वर्क में डिप्लोमा और डिग्री के कई कोर्स संचालित कर रहे हैं, जहां से आप कोर्स कर सकते हैं।

### वर्क प्रोफाइल क्या

सोशल वर्क की फील्ड में भी अब स्पेशलाइज्ड लोगों की डिमांड बढ़ने लगी है। जो चिकित्सीय और मनोवैज्ञानिक सोशल वर्क के साथ अपराधियों को सुधारने पर आधारित समाज कार्य भी करते हैं, इसके अलावा शहरी और ग्रामीण समुदाय विकास से जुड़े मानव कल्याण के कार्य, पुनर्वास, मानव अधिकार और सामाजिक कर्त्तव्य, प्राकृतिक आपदा में बचाव संबंधित कार्य नशे की लत से मुक्ति दिलाने पर आधारित कार्य और अशिक्षा दूर करने से जुड़े कार्य करना पड़ता है।

### अच्छा करियर ग्रोथ

आज जिस तरह से डिसेबिलिटी, ड्रग्स, डिप्रेशन और बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए समाजसेवा में युवाओं की काफी दरकार है। सोशल सेक्टर में काम करने वाले प्रोफेशनल्स को लोगों की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याओं को जानना-समझना और फिर उसका हल निकालना होता है। इसे काउंसलिंग, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार अवेयरनेस प्रोग्राम्स के जरिए पूरा किया जाता है। इस क्षेत्र में सरकारी और गैर सरकारी, दोनों ही तरह के कार्य होते हैं, जिनमें आप एनजीओ मैनेजर, कम्युनिटी सर्विस प्रोवाइडर, एनजीओ प्रोजेक्ट कॉओर्डिनेटर, एनजीओ ह्यूमन रिसोर्स और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कार्य कर अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

### यहां करना पड़ता है काम

सोशल वर्कर के तौर पर आपको ऑफिस वर्क जैसा काम नहीं करना होता और ये सामान्य तौर पर ऑफिस में बैठकर काम करते भी नहीं। इन्हें अलग-अलग ग्रुप और कम्यूनिटी के साथ जुड़ना होता है। इसके तहत ये हॉस्पिटल, क्लीनिक, एनजीओ, डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट, ओल्डएज होम, हेल्थकेयर फैसिलिटीज, एजुकेशन सेक्टर वगैरह के साथ जुड़कर काम करते हैं।

### जरूरी स्किल्स

इस सेक्टर में कार्य करने के लिए कई स्कील की जरूरत पड़ती है, जिसमें सबसे ज्यादा जरूरी कम्युनिटी या लोगों के साथ मिलकर काम करने का अनुभव है। इसके अलावा कम्युनिकेशन स्किल भी काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही, स्थानीय भाषा के साथ-साथ इंटरनेशनल लैंग्वेज की भी जानकारी जरूरी है, क्योंकि कई बार इस फील्ड से जुड़े पेशेवर को इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर कार्य करना पड़ता है। प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी का होना भी जरूरी है। साथ ही, सामाजिक न्याय, समाज के उपेक्षित वर्ग को मेन स्ट्रीम में शामिल करने, वंचित लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयास करने को लेकर प्रतिबद्ध होना जरूरी है। इसके अलावा, सोशल वर्क की फील्ड में काम करने के लिए आपके पास लोगों के साइकोलॉजिकल, इमोशनल पक्षों की समझ भी होनी चाहिए। आपमें धैर्य और संवेदनशीलता होना बेहद जरूरी है। सकारात्मक बदलाव और सही फैसले लेने की क्षमता भी होनी चाहिए।

### अवसर की भरमार

इस फील्ड में जॉब की काफी संभावनाएं हैं। विकास के नए तौर-तरीकों के चलते हमारे मूल्यों में जिस तरह से गिरावट आ रही है, ऐसे में सोशल सेक्टर की भूमिका काफी बढ़ गई है। जाहिर है नौजवानों के लिए इस क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी। यह ऐसा क्षेत्र है, जहां विदेशों में भी काम के काफी अवसर हैं। नाटो, विश्व स्वास्थ्य संगठन, एमनेस्टी इंटरनेशनल, रेडक्रॉस, ग्रीनपीस, यूनिसेफ, यूनाइटेड नेशन, यूनेस्को, ओसीडीए विश्वबैंक, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट, एनवॉयर्नमेंट प्रोटेक्शनए यूनाइटेड नेशन एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन जैसी नामी संस्थाओं के अलावा कई अन्य संस्थाएं जॉब का मौका देती हैं।



## कैसे बनाएं सोशल मीडिया में करियर, क्या होंगे नौकरी के ऑप्शन और वर्क प्रोफाइल

इन दिनों ऑफबीट करियर ऑप्शंस की डिमांड काफी बढ़ गई है। अब लोग मीडिया में करियर बनाने के साथ ही सोशल मीडिया में भी दिलचस्पी ले रहे हैं। सोशल मीडिया की दुनिया में रोजगार की बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं। ज्यादातर स्मॉल स्केल बिजनेस सोशल मीडिया के जरिए लाखों रुपये कमा रहे हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट हैंडल करने और सोशल मीडिया मार्केटिंग के लिए वह एक्सपर्ट रखते हैं। कई सेलेब्रिटी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी ब्रांड मार्केटिंग, ऐड्स और अकाउंट हैंडल करने के लिए सोशल मीडिया की टीम रखते हैं।

### ट्रेंड्स की जानकारी होना जरूरी

जो लोग घंटों कंप्यूटर या मोबाइल पर काम कर सकते हैं, ग्राफिक्स डिजाइन, ब्लॉग राइटिंग (किसी भी भाषा में) आदि में दिलचस्पी लेते हैं व ऑफबीट क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए सोशल मीडिया बेस्ट है। इसके लिए क्रिएटिव होना और सोशल मीडिया ट्रेंड्स की जानकारी होना सबसे जरूरी है।

### सोशन मीडिया मैनेजर

सोशल मीडिया मैनेजर कंपनी, ब्रांड या किसी प्रमुख संस्थान के सभी सोशल अकाउंट को प्रोफेशनली मैनेज करता है। यह सोशल मीडिया पर कंपनी को आगे ले जाने के नए तरीके अपनाते हैं, जिनसे कंपनी की अच्छी छवि को पॉजिटिव बनाकर रखा जा सके। पीआर, एडवरटाइजमेंट, मार्केटिंग और सोशल नेटवर्किंग के जरिए ऑर्गनाइजेशन की जो सूचनाएं बाहर जाएं, उनमें समानता बनाए रखना इनका काम है।

### सोशल मीडिया एनालिस्ट/स्ट्रैटेजिस्ट

सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट डेटा का विश्लेषण कर कंपनी पॉलिसी बनाते हैं। यह कंपनी को उसकी जरूरत के हिसाब से सोशल मीडिया चैनल का चुनाव करने में मदद करते हैं और ब्रांड्स से संबंधित ग्राहकों को टारगेट करते हैं। सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट मार्केटिंग कैंपेन को ज्यादा असरदार बनाने की कोशिश करते हैं। यह वेबसाइट ट्रैफिक को भी मॉनीटर करते हैं।

### कंटेंट मैनेजर/क्रिएटर

सोशल मीडिया में कंटेंट का मतलब सिर्फ लिखित कंटेंट नहीं होता है। इसमें ग्राफिक्स, वीडियो, ऑडियो भी शामिल होते हैं। यह एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। जहां सोशल मीडिया मैनेजर सोशल मीडिया सॉफ्टवेयर/प्लेटफॉर्म्स के तकनीकी पहलुओं पर ध्यान देते हैं, वहीं कंटेंट क्रिएटर कंटेंट की भाषा, क्वालिटी और अन्य टेक्नीकल बातें देखते हैं। इनके जॉब प्रोफाइल में कॉपीराइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग शामिल हैं।

# सफलता की राह नहीं होती आसान, मेहनत लगन और धैर्य से ही मिलती है कामयाबी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सफलता एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे हर छात्र अपने जीवन में हासिल करना चाहता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सफलता का रास्ता इतना मुश्किल क्यों होता है? क्यों इसमें कोई आसान शॉर्टकट नहीं होता? जवाब सरल है सफलता वही है जो मेहनत, लगन और धैर्य से प्राप्त होती है। यह एक ऐसी यात्रा है, जिसमें चुनौतियां आपका इम्तिहान लेती हैं, और आपकी दृढ़ता ही आपको मंजिल तक पहुंचाती है। आपकी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। सफलता आपका इंतजार कर रही है। जीवन की यात्रा में मेहनत ही वह दीपक है, जो अंधेरे रास्तों को रोशन करता है। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, “कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन” अर्थात्, तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता मत कर। यह सूत्र हमें सिखाता है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती, चाहे परिणाम तुरंत दिखे या नहीं।

## अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो

जैसे पांडवों ने कौरवों के अत्याचारों के बीच भी धैर्य और कर्तव्य का पालन किया, वैसे ही तुम भी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहो। महाभारत का एक और अमर वचन है, “यतो धर्मस्ततो जयः” जहां धर्म है, वहां विजय है। अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो, तो सफलता निश्चित रूप से तुम्हारा इंतजार कर रही है। जैसे अर्जुन ने युद्ध के मैदान में संदेह छोड़कर श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन पर भरोसा किया, वैसे ही तुम भी अपने भीतर के संदेह को त्याग दो। हर बूंद पसीने से तुम अपने सपनों का महल बनाते हो। विश्वास रखो, तुम्हारी मेहनत का हर कण अनमोल है, और वह दिन दूर नहीं जब तुम्हारी सफलता तुम्हें गले लगाएगी।

**शॉर्टकट की भ्रांति** : आज के समय में, जहां सब कुछ तेजी से चाहिए तेज इंटरनेट, तुरंत जवाब, और फटाफट नतीजे हम अक्सर सोचते हैं कि सफलता भी शायद किसी शॉर्टकट से मिल जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि शॉर्टकट आपको केवल तात्कालिक लाभ दे सकते हैं, स्थायी सफलता नहीं। उदाहरण के लिए, अगर आप परीक्षा में नकल करके पास हो भी गए, तो क्या वह ज्ञान आपको भविष्य में काम आएगा? नहीं, क्योंकि असली सफलता का आधार है आपका ज्ञान, आपकी मेहनत और आपका आत्मविश्वास।

**मेहनतः सफलता की नींव** : छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। हर बार जब आप देर रात तक पढ़ते हैं, किसी कठिन विषय को समझने की कोशिश करते हैं, या असफलता के बाद फिर से प्रयास करते हैं, आप अपने आप को और मजबूत बनाते हैं। महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन ने कहा था, “मैं असफल नहीं हुआ, मैंने तो बस 10,000 ऐसे तरीके खोजे जो काम नहीं करते।” उनकी यह बात हमें सिखाती है कि असफलता भी सफलता का हिस्सा है। हर बार जब आप गिरते हैं, आप एक नया सबक सीखते हैं, जो आपको मंजिल के और करीब ले जाता है।

**लक्ष्य और अनुशासन** : सफलता का पहला कदम है अपने लक्ष्य को स्पष्ट करना। आप क्या बनना चाहते हैं? डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कुछ और? अपने सपने को एक कागज पर लिखें और उसे हर दिन देखें। लेकिन केवल सपने देखना काफी नहीं है। अनुशासन वह चाबी है जो आपके सपनों को हकीकत में बदलती है। रोजाना पढ़ाई का समय निश्चित करें, छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं, और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करें। याद रखें, एक दिन में पहाड़ नहीं चढ़ा जा सकता, लेकिन हर दिन एक कदम बढ़ाने से आप जरूर शिखर तक पहुंचेंगे।

### चुनौतियों का सामना करें

छात्र जीवन में कई चुनौतियां आती हैं पढ़ाई का दबाव, दोस्तों का प्रभाव, या कभी-कभी आत्मविश्वास की कमी। लेकिन ये चुनौतियां आपके रास्ते में रुकावट नहीं, बल्कि सीखने का अवसर हैं। जब आप किसी कठिन सवाल को हल करते हैं, तो न केवल आपका ज्ञान बढ़ता है, बल्कि आपका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। इसलिए, समस्याओं से भागें नहीं, उनका सामना करें। हर चुनौती आपको और बेहतर बनाती है।

**सकारात्मक सोच और धैर्य** : सफलता का रास्ता धैर्य मांगता है। कई बार ऐसा होता है कि मेहनत करने के बावजूद तुरंत नतीजे नहीं मिलते। ऐसे में निराश होना स्वाभाविक है, लेकिन यही वह समय है जब आपको अपनी सकारात्मक सोच को बनाए रखना है। अपने आप से कहें, “मैं कर सकता हूँ।” अपने आसपास ऐसे लोगों को रखें जो आपको प्रेरित करें। किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियां सुनें, और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।

**आपके पास है ताकत** : प्रिय छात्रों, आपके पास वह ताकत है जो आपको दुनिया की किसी भी ऊंचाई तक ले जा सकती है। जरूरत है तो बस उस ताकत को पहचानने की। हर बार जब आप थक जाते हैं, एक गहरी सांस लें, अपने सपनों को याद करें, और फिर से उठकर चल पड़ें। सफलता का रास्ता लंबा हो सकता है, लेकिन हर कदम आपको आपके सपनों के करीब ले जाता है। असली सफलता वही है जो मेहनत, लगन, और धैर्य से मिलती है।

## सामान्य ज्ञान

1. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

2. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

3. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

4. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

5. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

6. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

7. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

8. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

9. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

10. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अध्रम
(सी) अधर्म
(डी) अधिम

उत्तर 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9. (बी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप



सिरसा। विश्व जनसंख्या दिवस जागरूकता कार्यशाला में पोस्टर मेकिंग में भाग लेते विद्यार्थी।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यशाला

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यशाला एवं विविध रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निबंध लेखन, नारा लेखन, एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



सिरसा। गौशाला को दानराशि भेंट करते परिवार के सदस्य।

### गोशाला को दो परिवारों ने भेंट की दान राशि

**चोपटा।** गांव नाथूसरीकला की महर्षि दयानंद सरस्वती गोशाला को अनिल कुमार ने अपनी माता स्वर्गीय कौशल्या देवी की यादगार में एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह व नरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार वीरेंद्र कुमार ने अपने पिता स्वर्गीय दयाराम कासनिया की यादगार में एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह की राशि गोशाला को दान स्वरूप भेंट की है। प्रधान एडवोकेट मुकेश कासनिया व प्रबंधक ने इसके लिए आभार जताया।



फतेहाबाद। जरूरतमंदों को वस्त्र व भोजन वितरित करते नवकल्याण संस्था सदस्य।

### नवकल्याण संस्था ने बांटे वस्त्र और भोजन

**फतेहाबाद।** नवकल्याण संस्था ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए 'आओ मिलकर खुशियां बांटे' कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटी। संस्था द्वारा आयोजित वस्त्र वितरण अभियान के अंतर्गत लघु सचिवालय के सामने स्थित झुग्गी-झोपडिय़ों में रहने वाले लोगों को कपड़े और भोजन सामग्री वितरित की गई। इस नेक कार्य ने न केवल जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाई।




फतेहाबाद। गुरुपूर्णिमा पर पौधरोपण करते एमएसजी आईटी विंग के सदस्य।

### गुरुपूर्णिमा पर एमएसजी सदस्यों ने किया पौधरोपण

**फतेहाबाद।** हिसार रोड स्थित एमएसजी डेरा सच्चा सौदा मानवता भलाई केंद्र में गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में स्पेशल नामचर्चा का आयोजन किया गया। नामचर्चा की शुरुआत पवित्र नारा लगाकर की गई। नामचर्चा के दौरान हजारों की संख्या में साध-संगत ने गुरु महिमा का गुणगान किया। आईटी विंग द्वारा की गई। नामचर्चा के दौरान कवि राजों ने भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्ति में बना दिया। गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में एमएससी आईटी विंग के सदस्यों के द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

### इन्द्र गावड़ी बने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष

**फतेहाबाद।** भाजपा ने वरिष्ठ भाजपा नेता इन्द्र गावड़ी को भाजपा फतेहाबाद का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर इन्द्र गावड़ी ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया तथा विश्वास दिलाया कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वाह करेंगे। इन्द्र गावड़ी ने कहा कि भाजपा के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए वह अथक प्रयास करते रहेंगे।



इन्द्र गावड़ी

---

### एमएम बीएड कॉलेज में मनाया गया वन महोत्सव

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक लोगों को घर-घर जाकर वितरित किए पौधे

■ कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. गुंजन ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। वन महोत्सव के दौरान लोगों को पौधे वितरित करते बीएड कॉलेज स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

मनोहर मैमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन के विकसित भारत अभियान के तहत साप्ताहिक वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक प्रो. पुनीत सहारण के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. गुंजन बजाज ने किया। सप्ताहभर चले इस अभियान के तहत जहां कॉलेज परिसर में विभिन्न तरह के पेड़-पौधे लगाए गए वहीं क्षेत्र में जाकर लोगों को पौधे वितरित कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम से जुडऩे का आह्वान किया गया। प्रो. पुनीत सहारण ने कहा कि मानसून का सीजन पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त माना गया है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण हम सब की सामाजिक व नैतिक जिम्मेवारी है, इसलिए सभी अधिक से अधिक पौधारोपण करें तथा अपने परिजनों व दोस्तों को इसके लिए प्रेरित करें। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. गुंजन बजाज ने इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी है। हम अच्छे वातावरण की उम्मीद तो करते हैं, लेकिन अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते। उन्होंने कहा कि जनसंख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन पेड़-पौधों की संख्या लगातार कम हो रही है। मानव जीवन के साथ -साथ पशु -पक्षियों के लिए भी यह चिंता का विषय है। लोग अपने फायदे के लिए पेड़ों पर आरी चला रहे हैं, लेकिन नए पौधे कम ही लगा रहे हैं। इस मुहिम से प्रेरणा लेकर हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर पुनीत कुमार, नरेन्द्र स्वामी, मंगत राम, ललित चोपड़ा, बलवंत सिंह, डॉ. कमल जोशी, डॉ. मोनिका, रेखा रानी सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### भाविप ने स्थापना दिवस पर गुरुकुल वेद मंदिर में किया पौधरोपण



फतेहाबाद। स्थापना दिवस पर गुरूकुल वेद मंदिर में पौधारोपण करते भाविप सदस्य।

**फतेहाबाद।** भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस पर फतेहाबाद शाखा द्वारा हिसार रोड स्थित गुरुकुल वेद मंदिर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय नेतृत्व की ओर से भारत विकास परिषद संस्कार के राष्ट्रीय संयोजक केके अरोड़ा ने शिरकत की जबकि अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष केबी गोदारा ने की। गुरुकुल प्रांगण में भारत विकास परिषद कार्यकर्ताओं ने एक दर्जन के करीब छाया एवं फलदार पौधे लगाए और उनकी देखभाल का भी संकल्प लिया। केके अरोड़ा ने कहा कि भारत विकास परिषद विगत छह दशकों से निरंतर समाज को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्यरत है। परिषद का उद्देश्य है कि समाज के प्रभावी, प्रबुद्ध एवं सम्पन्न वर्ग को सुसंगठित कर उनके हृदय में वंचित, असमर्थ और अशिक्षित वर्ग के प्रति संवेदनशीलता का भाव पैदा किया जाए ताकि समाज में संतुलन को स्थाई किया जा सके। केके अरोड़ा ने बताया कि सिटीजन काउंसिल नाम से शुरू हुई संस्था को 1963 में तत्कालीन सरसंघचालक की प्रेरणा से भारत विकास परिषद का नाम दिया गया। अब पूरे देश में भाविप के स्थापना दिवस पर देशभर में भारत विकास परिषद के लाखों कार्यकर्ता रक्तदान, पौधारोपण, लंगर सेवा आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस मौके पर वित्त सचिव उमेश गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश मखीजा, महिला सहभागिता प्रमुख लवलीन सरदाना, राघव शाखा के संयोजक अमित रूखाया, सहसंयोजक साहिल रहेजा, राजीव मक्कड़, सुनैना गुप्ता, सुनील शास्त्री एवं गुरुकुल के अनेक शिष्य मौजूद रहे।

---

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

# किसानों के हित में महत्वपूर्ण पहल हैं योजना : मनदीप कौर

» किसानों से 31 जुलाई तक अपनी फसलों का बीमा करवाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त मनदीप कौर ने किसानों से आह्वान किया है कि वे खरीफ सीजन 2025 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और 31 जुलाई तक इस योजना के तहत अपना बीमा अवश्य करवाएं। उपायुक्त ने बताया कि योजना के अंतर्गत धान, बाजरा, कपास, मक्का और मूंग जैसी फसलों का बीमा कवर किया जाएगा। किसान केवल 2 प्रतिशत धान, बाजरा, मक्का, मूंग या 5 प्रतिशत कपास प्रीमियम का भुगतान करेंगे, जबकि शेष प्रीमियम राज्य व केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी प्राकृतिक आपदा या अनियमित वर्षा से फसल नष्ट होती है, तो नुकसान का मुआवजा खेत स्तर पर दिया जाएगा। साथ ही फसल कटाई के 14 दिनों के भीतर यदि भंडारित फसल को नुकसान होता है, तब भी क्षतिपूर्ति की जाएगी। उपायुक्त ने किसानों को सूचित किया कि यदि किसी गांव में किसी फसल की औसत उपज पहले निर्धारित औसत से कम होती है, तो उस पूरे गांव के बीमित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि यह योजना किसानों को आर्थिक सुरक्षा देने की दिशा में एक मजबूत कदम है और इसका लाभ उठाकर वे अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। किसान अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 14447 पर संपर्क कर सकते हैं या पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**फसलवार बीमा राशि व किसान द्वारा देय प्रीमियम (रुपये/हेक्टेयर)**

| क्रमांक | फसल का नाम | बीमित राशि किसान द्वारा देय प्रीमियम |
|---|---|---|
| 1 | धान | 106249 रुपये 2124.98 रुपये |
| 2 | कपास | 108701 रुपये 5435.05 रुपये |
| 3 | बाजरा | 51218 रुपये 1024.36 रुपये |
| 4 | मक्का | 54487 रुपये 1089.34 रुपये |
| 5 | मूंग | 47675 रुपये 953.50 रुपये |

---

## छात्राओं ने रैली निकाल परिवार नियोजन के बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जनसंख्या नियंत्रण को लेकर नागरिक अस्पताल में दूसरा जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, यह पखवाड़ा 24 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत राजकीय एएनएम प्रशिक्षण स्कूल की छात्राओं के द्वारा जागरूकता रैली निकली गई जिसे सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र भादू ने हरी झंडी दिखाई। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र भादू ने कहा कि विभाग आमजन को परिवार नियोजन के बारे में समय-समय पर जागरूक किया जाता है। अभी 24 जुलाई तक दूसरा जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिरसा के सभी सरकारी अस्पतालों में नलबंदी और नसबंदी के ऑपरेशन शिविर लगाकर किए जाएंगे।

इस अवसर पर डॉ. सुभाष व डा. विपुल गुप्ता ने भी विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या के विकास और पर्यावरणीय मुद्दों आदि पर प्रकाश डाला। किशोरावस्था परामर्शदाता कमल कक्कड़ ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण साधन अपनाने वाले दम्पति को प्रोत्साहन राशि भी सरकार के द्वारा निर्धारित है। नागरिक अस्पताल वह सभी स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार कल्याण के साधन जैसे कॉपर टी, कंडोम, माला डी, अंतरा इंजेक्शन, छाया आदि उपलब्ध है। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन डा. राजेश चौधरी, सुशीला, गायत्री देवी, नेत्रदान परामर्शदाता राहुल समेत इत्यादि उपस्थित रहे।

### एक लाख ठगने के आरोपी को गुरुग्राम से किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** वर्क फ्रॉम होम के नाम पर एक युवक से एक लाख रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद ने गुरूग्राम के एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसकी संजीव कुमार उर्फ संजय निवासी जमालपुर, जिला गुरुग्राम के रूप में हुई है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि जसप्रीत सिंह पुत्र खुशी राम निवासी रतिया ने शिकायत दी थी। जिसमें बताया 10 नवंबर 2024 को एक अज्ञात व्हाट्सएप नंबर से वर्क फ्रॉम होम के नाम पर एक लिंक भेजा गया। लिंक पर क्लिक करने के बाद उसे एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया, जहां उसे होटलों की रेटिंग देने और व्हाट्सएप फॉलो करने जैसे कार्यों के बदले पैसे कमाने का लालच दिया गया।

### इनेलो फतेहाबाद हलका प्रधान अंगद ढिंगसरा ने घोषित की कार्यकारिणी

## भाजपा के चुनावों से जनता से किए गए सभी वायदे झूठ निकले: सुनैना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

इनेलो हलका फतेहाबाद के प्रधान अंगद ढिंगसरा ने आज कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला, जिला प्रधान बीकर सिंह हड़ौली के मार्गदर्शन पर जाट धर्मशाला में आयोजित बैठक के दौरान कार्यकारिणी घोषित की। पूर्व विधायक सुनैना चौटाला विशेष तौर पर मौजूद रही। सुनैना चौटाला ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आज प्रदेश में पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में इनेलो एक बार फिर सरकार बनाएगी। भाजपा सरकार पर जनता से वायदाखिलाफी का आरोप लगाते हुए सुनैना चौटाला ने कहा कि भाजपा ने चुनावों से जनता से जो भी वायदे किए, सभी झूठे साबित हुए हैं। फ्री बिजली देने का वायदा करने वाली भाजपा ने सत्ता में आते ही बिजली के रेट अनाप-शनाप बढ़ा दिए। सरसों का तेल जो गरीब को 40 रुपए लीटर मिलता था वह अब 100 रुपए लीटर मिल रहा है। खाद, बीज और डीजल के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। धड़ाधड़ लोगों के बीपीएल कार्ड काटे जा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह घर-घर जाकर लोगों को पार्टी के साथ जोड़े ताकि इस जनविरोध सरकार को सत्ता से उखाड़ फैंका जा सके।



**इन्हें मिली जिम्मेदारी:** कार्यकारिणी में रोहताश जांगड़ा, भूना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सतीश नहला, कृष्ण लुक्खा पीलीमंदौरी, पालाराम ज्याणी किरढ़ान, राहुल जांगू बड़ोपल, मोहर सिंह टाण्डी धारनियां, राजेन्द्र गोदारा ढिंगसरा, रामानंद धांगड़, कुलवंत सिरढ़ान व महेन्द्र गोदारा भोड़ा होशनाक को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा राजबीर चाहर दैयड़ को प्रधान महासचिव व विनोद बिश्नोई, लाधुराम सिहाग खाबड़ा कलां, राजेन्द्र डुडी पीलीमंदौरी, मदन सिहाग भट्टूकलां, रोहताश भिंचर ढाण्ड, संदीप भादू धांगड़, श्रवण गोदारा गदली, रामनिवास टेलर ढाणी माजरा, ओमप्रकाश काजलहेड़ी, अमर सिंह थाकन मेहूवाला व जयवीर सिहाग सिरढ़ान को महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा राकेश कड़वासरा मेहूवाला, मनीष कुमार बैजलपुर, देवीलाल जाखड़ चौबारा, मोनू सिहाग रामसरा, विनोद कुमार शेखुपुर दड़ौली, अजीत सिंह खाबड़ा कलां, विजेन्द्र कालीरावणा मेहूवाला, रोहताश नहरा ढाबी कलां, हनुमान भाम्भू सरवरपुर, रामानंद धांगड़, राजेश गोरखपुर, शिव कुमार ज्याणी चिंदड़, सतपाल राव बनावाली व प्रहलाद सिंह नहला को सचिव तथा विजय बसीर दैयड़ को प्रचार सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

---

### निकू राम फौजी के जिला उपाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डू



सिरसा। निकूराम फौजी का स्वागत करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

**चोपटा।** भाजपा द्वारा निकूराम फौजी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त करने पर चौपटा मंडल के कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया है। मंडल अध्यक्ष संदीप सहारण ने कहा कि निकू राम फौजी को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर मंडल को गर्व है। पार्टी नेतृत्व का यह निर्णय उनकी मेहनत और समर्पण का सम्मान है। हम सभी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। कार्यकर्ता अनिल पूनिया खेड़ी ने फौजी के साथ पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया, वहीं विनोद पूनिया राजपुरा साहनी ने कहा, निकू राम जी ने हमेशा क्षेत्र की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर उनका समाधान करवाया है। उनकी यह उपलब्धि और ग्रीवेंस कमेटी में नियुक्ति हम सभी के लिए गौरव का विषय है। निकू राम फौजी ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा, भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, जो अपने कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान देती है। मैं क्षेत्र की समस्याओं को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाकर उनका निदान करवाऊंगा और जनता व सरकार के बीच सेतु का काम करूंगा। कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी जताई और फौजी को मालाएं पहनाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ट्रैफिक एसएचओ ने विद्यार्थियों के बताए यातायात के नियम



सिरसा। विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते ट्रैफिक एसएचओ।

**सिरसा।** यातायात थाना प्रभारी शमशेर सिंह ने कहा कि यातायात पुलिस प्रत्येक व्यक्ति की जानमाल के प्रति अत्यंत संवेदनशील है व जन जन के बीच यातायात नियमों के प्रति चेतना जगा रही है। एचएचओ शुक्रवार को सेंट जेवियर स्कूल, जीआरजी स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि चिंतनिय है कि युवा पीढ़ी को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के बावजूद स्थिति अपेक्षित नहीं है। युवा दोपहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग करते हैं जो हादसों को जन्म दे सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग कारों में सवार होने के बाद सीट बेल्ट नहीं लगाते जो सीधे तौर पर दुर्घटनाओं को आमंत्रण है। उन्होंने कहा कि ऐसे कायदों के लिए जिला यातायात पुलिस काफी संवेदनशील है और लोगों को जागरूक कर रही है। अपना नैतिक दायित्व निभाते हुए जिला यातायात पुलिस नियमित रूप से शहर के विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को भी जागरूक बनाने का अभियान चलाए हुए है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं और अपने परिजनों, मित्रों व सहयोगियों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनें और गंभीरता से उनका पालन करें। इस अवसर पर उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह, एचसी रमेश, एसपीओ जगमीत सिंह, एचसी धर्मेंद्र, मंदीप सिंह भंगु, सौरभ आदि मौजूद रहे।

### डाइट मताना में 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



फतेहाबाद। डाइट मताना में नव पदोन्नत प्राचार्यों को प्रशिक्षण देते।

**फतेहाबाद।** जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) मताना में राजकीय स्कूलों के नव पदोन्नत प्राचार्यों के लिए 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत 7 जुलाई 2025 को सरस्वती वंदना के साथ हुई। यह ट्रेनिंग 19 जुलाई तक होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचार्या संगीता बिश्नोई द्वारा किया गया। संस्थान के उप प्रधानाचार्य शेर सिंह ने ट्रेनिंग में भाग लेने वाले प्राचार्यों का स्वागत किया। प्रशिक्षण विभाग के प्रभारी राकेश मखीजा, आशीष कुमार व महेन्द्र कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आज ट्रेनिंग के पांचवें दिन जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने कार्यक्रम में पहुंचकर प्रशिक्षण ले रहे प्राचार्यों से फीडबैक लिया। प्रतिभागियों ने डीईओ को बताया कि प्रशिक्षण में लिए गए विभिन्न मॉडयूल जैसे कि समय प्रबंधन, वित्तीय मामले, शिक्षा का अधिकार एवं यूडाइस इत्यादि विषय उनके लिए अत्यंत उपयोगी रहे। डीईओ ने प्रतिभागियाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण पदोन्नत स्कूल प्राचार्यों के लिए अत्यंत लाभदायक रहेगा।

### रोडक्रॉस कर रहे शराब ठेके के कारिंदे को कार ने मारी टक्कर, मौत

**फतेहाबाद।** शहर के सिरसा रोड स्थित रिलायंस पंप के पास हुए सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई। शराब ठेके पर काम करने वाला युवक सडक़ पार कर रहा था कि इसी दौरान एक तेजगति कार ने उसे टक्कर दे मारी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को नागरिक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पंजाब के मानसा जिले के गांव खिआली चेला का रहने वाला 40 वर्षीय निवासी लवप्रीत सिंह फतेहाबाद शहर में सिरसा रोड स्थित शराब ठेके पर पिछले कुछ सालों से काम करता था।

---

### महिला कॉलेज में तीसरी फिजिकल काउंसलिंग में छात्राओं ने दिखाया उत्साह

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को तीसरी फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन किया गया, जिसमें बीए, बीकॉम, बीसीए, बीबीए, बीएससी (लाइफ साइंस) और बीएससी (फिजिकल साइंस) स्नातक कोर्सों में प्रवेश हेतु छात्राओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। छात्राओं ने अपने विषयों का चयन कर आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति करते हुए प्रवेश प्रक्रिया पूरी की। फिजिकल काउंसलिंग का कार्य बीए की कन्वीनर प्रो. मोनिका गिल, बीकॉम की कन्वीनर प्रो. अंकिता मोंगा व साइंस स्ट्रीम के कन्वीनर प्रो. संदीप कुमार की देखरेख में किया गया। प्रो. मोनिका गिल ने बताया कि महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और अनुभवी संकाय सदस्यों के कारण छात्राओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है। उकाउंसलिंग प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की।

**आयोजन** इंजीनियरिंग कॉलेज में सिटी और तकनीक पर दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

# तकनीक समाज का स्तर ऊंचा उठाने में हो सकती है कारगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

चौधरी देवी लाल स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पन्नीवालामोटा में दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन चार सत्र आयोजित हुए। इन सत्रों में देश के विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञों ने स्मार्ट सिटी और मोबिलिटी पर अपने विचार सांझा किए। पहले सत्र में सीएसआईआर-सी एसआईओ चंडीगढ़ के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सुरेन्द्र सिंह सैनी ने स्मार्ट शहरों में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर व्याख्यान दिया। उन्होंने स्मार्ट शहरों में तकनीकी विकास, परियोजनाओं और उनके प्रभावों पर जानकारी दी।



सिरसा। इंजीनियरिंग कॉलेज पन्नीवाला मोटा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए विशेषज्ञ व प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि इन तकनीकों से समाज के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। दूसरे सत्र में सी-डैक मोहाली के संयुक्त निदेशक डॉ. बलविंदर सिंह ने स्मार्ट शहरों में नवाचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर चर्चा की। उन्होंने हाइड्रोपोनिक्स, मृदा प्रबंधन, पशु जियोटैगिंग, पोर्टेबल कंप्यूटर आधारित चावल गुणवत्ता परीक्षण, इलेक्ट्रॉनिक नोज़, स्मार्ट परिवहन प्रणाली और आईसीटी तकनीकों का प्रदर्शन किया। पंजाब व हरियाणा में इन तकनीकों के सफल प्रयोगों की जानकारी दी। तीसरे सत्र में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के प्रोफेसर डॉ. सुरेन्द्र दहिया ने स्मार्ट ग्रिड की भूमिका पर व्याख्यान दिया। इंटरनेट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर एल्गोरिदम और पायथन तकनीकों से स्मार्ट ग्रिड की कार्यक्षमता बढ़ी है। उन्होंने पारंपरिक ग्रिड को स्मार्ट ग्रिड में बदलने की प्रक्रिया पर भी चर्चा की। चौथे और अंतिम सत्र में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका आनंद ने ग्रामीण विद्युतीकरण और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन पर अपने अनुभव साझा किए।

**ये रहे उपस्थित**

समापन सत्र में समन्वयक पुनीत चावला और सह-समन्वयक डॉ. सुमन रानी ने कार्यशाला का समापन किया। उन्होंने एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टी. जी. सीताराम, उपाध्यक्ष डॉ. अभय जेरे, सदस्य सचिव डॉ. मोरे रामुलु और एटीएएल निदेशक डॉ. सुनील लूथरा का आभार जताया। उन्होंने बताया कि संस्थान के विजन और मिशन के अनुरूप 10 और 11 जुलाई को यह कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की गई।इस अवसर पर डॉ. श्याम सुंदर, डॉ. संजय दहिया, डॉ. आरुषि बंसल, रूबी सठियाला, पूनम मेहता, कमल मेहता, वर्षा रानी, मेनका यादव, सुरेंद्र कुमार, डॉ. विधु किरण, मनिक गोयल, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. रूबिंदर सिंह, डॉ. सुमन रानी, अशोक गर्ग, सुनील मेहता, सुशील बाना, देवेंद्र कुमार, तारा चंद सहित विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागी और उद्योग विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

### आज प्राचार्य की हत्या के विरोध में बंद रहेंगे टोहाना के प्राइवेट स्कूल

**टोहाना।** टोहाना प्राइवेट स्कूल संघ ने हिसार में गुरु पूर्णिमा के दिन स्कूल प्रिंसिपल की हत्या के विरोध में कड़ा विरोध जताया है। मॉडल केएम स्कूल में आयोजित बैठक में सभी प्राइवेट स्कूल संचालकों ने घटना की निंदा की। इस दौरान स्कूल संचालकों ने हत्यारोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। शनिवार को टोहाना के सभी प्राइवेट स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया है। बैठक में सभी ने दो मिनट का मौन रखा और काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रधान रणधीर पूनियां, ग्रामीण प्रधान राजेश कुमार समेत विनय वर्मा, बलदेव सैनी, ममता ठाकुर, संदीप कम्बोज, गौरव भुटानी, मनजीत सिंह और गणेश कौशिक मौजूद रहे। सभी ने कहा कि आपराधिक मानसिकता वाले स्टूडेंट द्वारा प्रिंसिपल की हत्या समाज के लिए शर्मनाक है। 12 जुलाई शनिवार को शोक अवकाश घोषित किया है।

## खबर संक्षेप

### भारत विकास परिषद् शाखा का शिविर 13 को

**रतिया।** भारत विकास परिषद् शाखा रतिया द्वारा एसएस जैन सभा रतिया के सहयोग से एवं मंगलम ब्लड बैंक फतेहाबाद द्वारा भाविप के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 13 जुलाई रविवार को अनाज मंडी रोड स्थित जैन स्थानक में 16वां रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में सुशिष्या महासाध्वी सुनंदा महाराज, सुसाध्वी सम्यक श्री महाराज एवं सिद्धायिका महाराज ठाणे-3 जी का आशीर्वाद रहेगा।

### भ्रष्टाचार में घिरे जेई को सस्पेंड करने को सराहा

**भूना।** नगरपालिका चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा ने भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे जूनियर इंजीनियर को सस्पेंड करवाने में सहयोग देने पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि प्रवीण जोड़ा नायब सरकार के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। भूना में विकास कार्यों में भी वे बिना किसी भेदभाव के सहयोग कर रहे हैं। चेयरपर्सन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और नगर निकाय मंत्री विपुल गोयल का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जेई को सस्पेंड किया गया।

### बीजेपी कार्यालय सचिव ढींगड़ा ने संभाला कार्यभार

**फतेहाबाद।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा द्वारा घोषित जिला कार्यकारिणी में पार्टी के पूर्व शहरी मंडल अध्यक्ष शम्मी ढींगड़ा को पार्टी कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया था। पार्टी जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने ढींगड़ा को उनका कार्यभार संभलवाया और उनका मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। शम्मी ढींगड़ा ने पार्टी जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा और उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा को दोहराया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**सिरसा।** गृह मंत्रालय की ओर से गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। नामांकन/अनुशंसा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक है। 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए प्रदान किए जाते हैं।

---

### किसानों तक नवीनतम तकनीक पहुंचाने में लगा कृषि विभाग

# कपास किसान खेत पाठशाला का शुभारंभ 14 सप्ताह कृषि विशेषज्ञ करेंगे जागरूक

**केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद ने मताना में किया जागरूक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** अधिकारियों को सम्मानित करते गांव मताना के सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा। फोटो : हरिभूमि

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद द्वारा जिले के गांव मताना में कपास की खेती पर किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया गया है। 14 सप्ताह तक चलने वाले इस किसान खेत पाठशाला कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों को कपास की फसल से सम्बंधित कीट एवं व्याधियों बारे पूर्ण जानकारी दी जाएगी। क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद के क्षेत्रीय हेड एवं उपनिदेशक डॉ. वंदना पांडेय के निर्देशन में डॉ. लक्ष्मीकांत, डॉ. सूरज बरनवाल एवं डॉ. के.पी. शर्मा सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गांव के सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा ने पगड़ी पहनाकर आए हुए अधिकारियों का गांव में पहुंचने पर स्वागत किया और इस प्रकार के कार्यक्रम को किसानों के लिए ज्ञानवर्धक बताया।

**कपास उत्पादन को किया प्रोत्साहित**

इस अवसर पर जिले के कृषि अधिकारी जगीर सिंह सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी, लवदीप शर्मा कृषि पर्यवेक्षक, गांव के सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा, पूर्व पंच इंद्र वर्मा, डॉ. सुरेन्द्र खोवाल, हरदयाल वर्मा, रामप्रशाद भोभरिया, कृष्ण निराणियां, तेजभान किरोड़ीवाल, देसराज निम्बीवाल, जिले सिंह निराणियां, सुरेश वर्मा, निहाल सिंह, सुमेर सिंह, राधेश्याम वर्मा, संदीप वर्मा, बलवान वर्मा, अजय वर्मा, राहुल वर्मा, छोटू राम वर्मा, रमेश निराणियां, सतबीर वर्मा, जगमिन्द्र भोभरिया, प्रताप वर्मा, रविंद्र कुलचानिया सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कृषि अधिकारियों ने कहा कि किसान खेत पाठशाला कपास किसानों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य उन्हें कपास की खेती के बारे में उन्नत ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। यह कार्यक्रम किसानों को बेहतर पैदावार और लाभ प्राप्त करने में मदद करता है। कार्यक्रम के अंत में सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट ने अधिकारियों को शहीदों तथा महापुरुषों की प्रतिमाएं देकर सम्मानित किया।

---


**टोहाना।** विलय बारे जानकारी देते हुए दोनों ट्रस्ट के पदाधिकारी।

## भगवान वाल्मीकि आश्रम चेरिटेबल ट्रस्ट का हुआ विलय : प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

भगवान वाल्मीकि आश्रम चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान ईश्वर सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भगवान वाल्मीकि आश्रम चेरिटेबल ट्रस्ट ने अज्ञात कारणों के चलते इसका विलय श्री गोगामेडी चैरिटेबल ट्रस्ट में कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अब भगवान वाल्मीकि आश्रम चेरिटेबल ट्रस्ट, उसके अन्तर्गत आने गुगामेडी स्थान पर बने भगवान वाल्मीकि मन्दिर, बैंक खातों, अन्य सभी सम्पतियों-परिसम्पतियों को गुगामेडी चेरिटेबल ट्रस्ट में हस्तांतरित करने का व संचालन का अधिकार होगा। भगवान वाल्मीकि आश्रम चेरिटेबल ट्रस्ट के जो सदस्य श्री गुगामेडी चेरिटेबल ट्रस्ट में सदस्य बनना चाहेगा तो वह नियमों का पालन करते हुए शामिल हो सकता है। इस बारे सभी सदस्यों ने सहमति जताई व दोनो संस्थाओं के विलय होकर इक्टठे मिलकर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लेने की आवाज उठाई। गुगामेडी संस्था पहले से ही हर साल गोगावीर धार्मिक स्थान पर मेले का आयोजन करती आ रही है ओर इस धार्मिक स्थान की देखरेख, सौंदर्यीकरण व विकास का कार्य कर रही है। इस अवसर पर ईश्वर सिंह, कुलदीप सिंह, हरपाल आदिवासी, मनोज आदिवासी, अनिल, राजेन्द्र, शिशन, आशिष, सुरेश, सचिन, विनोद, सुनील, सनम, विक्की आदि मौजूद रहे।

---

# भट्टू मंडी में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

■ अग्रोहा ब्लड बैंक की टीम ने किया रक्त एकत्रित


**भट्टूकलां।** रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

खुशी नई उम्मीद वेलफेयर सोसायटी द्वारा अग्रवाल धर्मशाला भट्टूमंडी में रक्त दान कैंप का आयोजन किया गया। इसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भट्टू कलां के मुख्य प्रबंधक नवदीप दुहन ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। ब्लॉक समिति सदस्य राजेंद्र सरबटा, पंच सूरजभान ने विशेष तौर पर भाग लिया। इस दौरान विजय जिन्दल, अनूप शर्मा, विनोद सिंवर, सुनील डेलू, सहित अन्य मौजूद रहे। रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए नवदीप दुहन ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है, मनुष्य द्वारा दिया गया रक्त ही किसी जरूरतमंद की जिंदगी के बचाने के काम आता है इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को ब्लड डोनेट अवश्य करना चाहिए।

खुशी संस्था के रक्तदाता मोटीवेटर एवं अध्यक्ष गोपाल बंसल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जाता है ताकि ब्लड की कमी न रहे। रक्तदाता जागरूकता के लिए संस्था लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष आयु का प्रत्येक महिला व पुरुष स्वस्थ व्यक्ति ब्लड डोनेट कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर में रक्त का संचार सही रहता है रक्तदान पुण्य का कार्य है। कैंप में 18वर्षीय छात्रा खुशी ने 18वर्ष पूर्ण होने पर अपने पिता मदनलाल के साथ पहुंच कर पहली बार ब्लड डोनेट किया। खुशी ने कहा की खुशी संस्था बहुत अच्छा कार्य कर रही है और इसी से उसे लगातार मोटिवेशन मिला है। वह लंबे समय से सोच रही थी जब वह 18 वर्ष की होगी तो ब्लड डोनेशन करूंगी जिस पर उसे आज मौका मिला है। खुशी संस्था से सचिव नवीन बिंदल, कोषाध्यक्ष संदीप वर्मा, राकेश गर्ग आदमपुरिया, उपाध्यक्ष विजय गर्ग, सह सचिव नगेंद्र ,प्रचारक अनिल वर्मा, राजेश बाबू, अनिल सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

---

# मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम में किसानों को 20 करोड़ की प्री-अप्रूवल स्वीकृत


फतेहाबाद। मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम में उपस्थिजन को संबोधित करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पंजाब नेशनल बैंक की ओर से स्थानीय पंचायत भवन में मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को ऋण और धान आपूर्ति श्रृंखला के अंतर्गत बैंक स्वीकृति की प्रक्रिया तथा उससे संबंधित लाभों के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर बैंक द्वारा 20 किसानों कि कुल 20 करोड़ रुपये की प्री-अप्रूवल प्रदान की गई, जिससे वे आने वाले खरीफ सीजन में अधिक सुगमता से फसल अवशेष प्रबंधन से जुड़े कार्यों को अंजाम दे सकें। कार्यक्रम में सर्कल हेड राजीव कुमार, एजीएम हरियाणा इकबाल कौर, कृषि विकास अधिकारी (फर्म यंत्र) नीरज नागर, दीपक, एलडीएम कमल चंद गोयल सहित अन्य बैंक अधिकारियों ने किसानों को योजनाओं की जानकारी दी और उनके प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस कार्यक्रम से जिले के किसानों को आर्थिक सहयोग के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की बेहतर समझ प्राप्त हुई, जिससे वे अपने कृषि कार्यों को और अधिक उन्नत बना सकेंगे। कृषि अधिकारियों ने बताया कि जिला में पराली प्रबंधन के लिए जिले में सप्लाई चैन स्थापना हेतु अंतिम तिथि 15 तक विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते है।

---


**सिरसा।** जरूरतमंदों को चश्में वितरित करते सीएमओ। फोटो : हरिभूमि

### सिरसा में उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान का शुभारंभ, जरूरतमंदों को वितरित किए चश्में

**सिरसा।** जिला व खंड स्तर पर उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान के तहत शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 150 से ज्यादा जरूरतमंद बुजुर्गों व बच्चों को निःशुल्क चश्में वितरित किए गए। सिविल सर्जन डॉ महेंद्र कुमार भादू ने बताया कि हिसार से उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसी कड़ी में सामान्य अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत जिला व खंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य बुजुर्गों व बच्चों की जांच कर निःशुल्क चश्में प्रदान करना है।वहीं डिप्टी सिविल सर्जन डॉ विपुल गुप्ता ने कहा कि इस अभियान के तहत सिरसा जिले में बच्चों और बुजुर्गों को आंखों की मुफ्त जांच कर निःशुल्क चश्मा दिए जाएंगे। यह अभियान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग हरियाणा द्वारा चलाए जा रहा है। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच करके उन्हें चश्मा प्रदान करना और दृष्टिहीनता को जड़ से समाप्त करना है। इस अभियान के तहत 45 साल से अधिक आयु के व्यक्तियों को नजदीक के चश्मे मुफ्त में दिए जाएंगे और स्कूली बच्चों की आंखों की जांच करके उनके चश्मा भी स्कूल स्तर पर निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे।

---

# भ्रूण हत्या की रोकथाम को लेकर ढाणी गोपाल में महिलाओं ने निकाली रैली

■ रैली का नेतृत्व सुपरवाइजर मंगलेश नेहरा ने किया

■ रैली बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित की गई : नेहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना


**भूना।** ढाणी गोपाल गांव में रैली निकालती महिलाएं

महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय भूना के तत्वावधान में शुक्रवार को ढाणी गोपाल गांव में जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली का नेतृत्व सुपरवाइजर मंगलेश नेहरा ने किया। यह रैली बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित की गई। इसका उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ लोगों को जागरूक करना और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना था। रैली गांव के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरी। इसमें सुपरवाइजर के साथ आंगनवाड़ी वर्कर, हेल्पर और ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। रैली के दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और कन्या भ्रूण हत्या महापाप है, जैसे नारे लगाए गए। महिलाओं ने हाथों में पोस्टर लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। सुपरवाइजर मंगलेश नेहरा ने बताया कि जनवरी से जून 2025 के बीच लड़कियों की जनसंख्या में काफी गिरावट आई है। इसी कारण ग्रामीणों को घर-घर जाकर बेटी बचाने का संदेश दिया गया।

रैली के दौरान कुछ स्थानों पर महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर एएनएम मूर्ति देवी, आंगनवाड़ी वर्कर सुदेश देवी, निर्मला देवी, ओमपति और कृष्णा देवी मौजूद रहीं।

---

# ढाणी गोपाल से तीन माह से लापता कोमल का अब तक नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



■ मोबाइल भी बंद आ रहा

■ पुलिस ने पंजाब व राजस्थान में की छापेमारी

ढाणी गोपाल से 26 अप्रैल की रात संदिग्ध हालात में लापता हुई 18 वर्षीय कोमल का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा उसी रात दर्ज कर लिया था।

### ये बोली पुलिस

जांच अधिकारी ममता काजला की टीम ने कोमल की तलाश में पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में दबिश दी। रिश्तेदारों के यहां भी पूछताछ की गई। लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिली। कोमल का मोबाइल नंबर शिकायत में दर्ज है, लेकिन वह लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। इसी कारण पुलिस को उसकी लोकेशन नहीं मिल पा रही है। साइबर सेल की मदद भी ली गई, परंतु कोई सफलता नहीं मिली।

कोमल के पिता ने बताया, 26 अप्रैल की रात कोमल घर में सोई थी। सुबह 4 बजे छोटी बहन पूनम की नींद खुली तो कोमल चारपाई पर नहीं थी। रात को ही आसपास तलाश की गई, लेकिन कोई पता नहीं चला।

**भटक रहा परिवार :** इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। परिजन भी तीन महीने से बेटी की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं। लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिलने से परिवार परेशान है। जांच अधिकारी ममता काजला ने कहा, कोमल को ढूंढने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

---

# तनिष्क में 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स 2025' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



कि भारत का सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड और टाटा परिवार का एक सदस्य तनिष्क 'फेस्टिवल ऑफ़ डायमंड्स स्पार्कल योर वे' का 2025 का संस्करण पेश कर रहा है। आधुनिक महिला और उनकी कई उज्ज्वल सफलताओं के सम्मान में तनिष्क यह पहल चला रहा है। सिर्फ 15,000 रुपये से शुरू होने वाले प्राकृतिक डायमंड आभूषणों की सोच-समझकर चुनी गयी श्रेणी के साथ यह पहल फैशन चार्ज का नेतृत्व कर रही है।

आधुनिक वार्डरोब में हीरों को किस तरह से स्टाइल किया जाता है और उन्हें जिस तरह से संजोकर रखा जाता है। इस खुशियों को और भी सुनहरा बनाने के लिए तनिष्क हीरों के आभूषणों के एमआरपी पर 20 फीसद तक की सीमित अवधि की छूट दे रहा है। इस ऑफर का लाभ सिर्फ 25 अगस्त तक उठाया जा सकता है। इस उद्योग में चलाए जाने वाले कई प्रमोशन सिर्फ स्टोन या कैरट वैल्यू पर लागू होते हैं।

---

**परेशानी** पोल टूटने से जमीन पर पड़ी तार के कारण हो सकता है हादसा

# किसान का आरोप, बिजली निगम में बार-बार शिकायत के बावजूद नहीं जोड़ा जा रहा तार

■ 15 दिन पहले आई आंधी से बिजली का पोल टूट कर खेतों में गिर गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां


**सिरसा।** खेत में गिरी बिजली की तार दिखाता किसान। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्र के गांव रोहिड़ांवाली में एक किसान के खेत में लगे ट्यूबवेल व ढाणी कनेक्शन के बिजली का पोल टूटने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई है। किसान चेत राम निवासी ख्योंवाली ने बताया कि करीब 15 दिन पहले आई आंधी से बिजली का पोल टूट कर ज्वार व बाजरा की फसल में गिर गया परंतु कर्मचारियों ने कई दिनों तक कोई शुध नहीं ली। बार-बार बिजली निगम के अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद पोल तो खड़ा कर दिया लेकिन अभी तक तारें नहीं जोड़ी है। बिजली की तारें नीची होने के कारण वहां पर कोई भी हादसा हो सकता है। किसान ने आरोप लगाया कि बिजली निगम के कर्मचारियों का कहना है कि उनके पास लेबर नहीं हम प्राइवेट मजदूर लगाएंगे तो उनका खर्चा देना पड़ेगा। किसान ने आरोप लगाया कि जो इनको लेबर के नाम पर सुविधा शुल्क दे देता है तो उसका काम कर देतें है नही तो बहाने बनाने लगते है।

उसने इस बार सुविधा शुल्क नहीं दिया तो मेरा काम नहीं हो रहा। किसान ने बताया कि ट्यूबवेल के पास ढाणी में मेरा परिवार रहता है और वहां पर डेयरी फार्म भी है। जब इस बारे में फोन पर कालांवाली बिजली निगम के एसडीओ विक्रम सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में है जल्दी ही पोल की तारें खिंचवा कर सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

---

### अवैध कॉलोनियों में निवेश न करें : डीटीपी

**टोहाना।** टोहाना में हिसार रोड और डांगरा रोड पर कुछ कॉलोनाइजरों द्वारा अवैध कालोनी काटी गई है। जिला नगर योजनाकार अंजू ने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अवैध कॉलोनियों में किसी प्रकार की खरीद फरोख्त ना करें ताकि मेहनत की कमाई का पैसा बर्बाद ना हो। विभाग द्वारा अवैध कॉलोनी विकसित करने वाले नागरिक के विरूद्ध नोटिस जारी करने उपरांत एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है तथा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अवैध कॉलोनी में तोडफ़ोड़ की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र एवं नियत्रित क्षेत्र टोहाना में हिसार रोड पर कुछ कॉलोनाइजरों द्वारा हिसार रोड मौजा टोहाना के खसरा नंबर 354//5, 6 355//1, 2, 3, 4, 5, 6/1, 7, 8, 9, 10, 356//9/1, 9/2, 10/1, 10/2/1 तथा डांगरा रोड पर डीएवी स्कूल के पास मौजा टोहाना के खसरा नंबर 326//6, 7, 8, 9, 327//1, 8, 9, 10, 11, 13 में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। इनके खिलाफ जल्द ही विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।